# NSE और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तर प्रदेश सरकार** और [नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE)](#) के बीच एक **महत्त्वपूर्ण स**[मझौता ज्ञापन (MoU)](#) पर हस्ताक्षर किये गए हैं।

## मुख्य बिंदु:

- **समझौता ज्ञापन के बारे में:**
  - यह पहल उत्तर प्रदेश की **96 लाख** [सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs)](#) के लिये पूंजी जुटाने के अवसरों को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
  - अब ये MSMEs **NSE इमर्ज प्लेटफॉर्म** के माध्यम से [आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPOs)](#) लॉन्च करके पूंजी जुटा सकेंगी।
  - **NSE इमर्ज** एक समर्पित प्लेटफॉर्म है, जिसे MSMEs को पूंजी बाज़ार से जोड़ने के लिये विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म सार्वजनिक निवेश के अवसर, ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने और व्यापक निवेशक आधार तक पहुँच प्रदान करता है।
  - समझौते के तहत NSE, उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से **सेमिनार, रोड शो, कार्यशालाएँ, ज्ञान सत्र और MSME कैंप** आयोजित करेगा, ताकि MSMEs के बीच IPO के प्रति जागरूकता को बढ़ाया जा सके।
  - इस पहल के माध्यम से MSME इकाइयों को **सार्वजनिक पूंजी** के साथ-साथ **निवेशकों का विश्वास** भी प्राप्त होगा।
  - **अप्रैल 2025 तक**, NSE इमर्ज प्लेटफॉर्म पर कुल **612 कंपनियाँ सूचीबद्ध** हो चुकी हैं, जिन्होंने **17,003 करोड़ रुपए से अधिक की पूंजी जुटाई है**, और इनकी **कुल बाज़ार पूँजी (market capitalization) 1,76,565 करोड़ रुपए** है।
- **महत्त्व:**
  - यह पहल उत्तर प्रदेश में **औद्योगिक निवेश, रोज़गार सृजन और नवाचार** को बढ़ावा देगी।
   MSME इकाइयों को **राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा करने में सहायता** मिलेगी।
  - **MSME नीति 2022** के तहत, **शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध होने के लिये अधिकतम 5 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता** भी दी जा रही है।

## नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) भारत का सबसे बड़ा [वित्तीय बाज़ार](#) है।
- वर्ष 1992 से निगमित 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज' एक परिष्कृत, इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार के रूप में विकसित हुआ है, जो इक्विटी ट्रेडिंग वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया में चौथे स्थान पर है (2021 तक)।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भारत में आधुनिक, पूरी तरह से स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक व्यापार प्रदान करने वाला पहला एक्सचेंज था।
  - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भारत में सबसे बड़ा निजी वाइड-एरिया नेटवर्क है।
- निफ्टी 50 नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) का प्रमुख सूचकांक है।
- सूचकांक ब्लू चिप कंपनियों, सबसे बड़ी और सबसे अधिक तरल भारतीय प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो के व्यवहार को ट्रैक करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mau-sign-between-us-and-up-government